# A-0061 No. of Pages: 16

**AECC-H- 102**

# हिन्दी भाषा स्वरूप

Examination, 2026 (Feb.)

Time: 2 Hours Max Mark: 100

Roll No. (In figures):---------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक अंकों में
Roll No. (in words) :---------------------------------------------------------------------------------
अनुक्रमांक शब्दों में
Examination Centre: --------------------------------------------------------------------------------
परीक्षा केन्द्र

*Invigilator's Signature*

**DO NOT OPEN THE BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO.**

जब तक कहा न जाये,पुस्तिका न खोलें।

FIRST READ ALL THE INSTRUCTIONS / पहले सभी निर्देशों को पढ़ लें।

**Important Instructions** / महत्वपूर्ण निर्देश

1. This paper consists of 100 multiple choice questions (M.C.Q.). All questions are Compulsory and carry 01 mark each. There is no negative marking.
   इस प्रश्न पत्र में 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं व प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का है। गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।
2. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to choose an appropriate answer option and mark it on the OMR sheet.
   प्रत्येक प्रश्न के चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) एव (D) दिए गए हैं। आपको उपयुक्त उत्तर विकल्प का चुनाव कर उत्तर ओ.एम.आर प्रपत्र पर अंकित करना है।
3. For marking answers on OMR sheet, follow the detailed instructions given on the OMR Sheet.
   ओ0एम0आर0 प्रपत्र पर अपने सही उत्तर को चिन्हित करने के लिए प्रपत्र पर अंकित निर्देशों का पालन कीजिए।
4. Use only Blue or Black ball point pen for marking on OMR.
   ओ0एम0आर0 पर चिन्ह लगाने के लिए केवल नीली या काली बॉल प्वॉइन्ट पैन का ही इस्तेमाल कीजिए।

P.T.O.

1. संविधान के किस अनुच्छेद के उपबंधों के अधीन रहते हुए संसद में कार्य हिंदी में या अंग्रेजी में किया जाएगा।

(A) अनुच्छेद-342

(B) अनुच्छेद-344

(C) अनुच्छेद-350

(D) अनुच्छेद-348

2. संविधान की आठवीं अनुसूची में बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषाओं को किस वर्ष सम्मिलित किया गया।

(A) 1992

(B) 1993

(C) 2003

(D) 2004

3. पालि पद की बहुमान्य व्युत्पत्ति है–

(A) प्राकृत > पाकट > पाअड > पाउल > पालि

(B) पंक्ति > पंति > पड्डि > पल्लि > पालि

(C) परियाय > पालियाय > पालियालि > पालि

(D) पाठ > पाट्ठी > पाल्लि > पालि

4. पालि भाषा के सर्वप्रधान वैयाकरण है–

(A) कच्चायन

(B) पतंजलि

(C) पाणिनि

(D) आचार्य हेमचंद्र

5. रचना की दृष्टि से क्रिया के भेद हैं–

(A) तीन

(B) दो

(C) चार

(D) पाँच

6. य. र. ल. व व्यंजनों को कहते हैं–

(A) स्पर्श व्यंजन

(B) अंतःस्थ व्यंजन

(C) ऊष्म व्यंजन

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

7. भोलानाथ तिवारी ने भाषा–परिवारों की संख्या कितनी मानी है–

(A) 13

(B) 14

(C) 12

(D) 15

8. फ्रीड्रिश म्युलर के अनुसार भाषा परिवारों की संख्या है–
   (A) 200
   (B) 300
   (C) 100
   (D) 500
9. इनमें से कौन सा नाम भारोपीय परिवार से संबंधित नहीं है–
   (A) इंडो जर्मनिक
   (B) आर्य परिवार
   (C) भारत–हित्ती परिवार
   (D) इनमें से कोई नहीं
10. आधुनिक आर्यभाषाएँ नहीं है–
   (A) हिंदी
   (B) पालि
   (C) मराठी
   (D) बांग्ला
11. भाषा के अर्थ में पालि शब्द का उपयोग सबसे पहले किसने किया–
   (A) आचार्य बुद्धघोष
   (B) भामह
   (C) कच्चायन
   (D) भोग्लान
12. डॉ० हरदेव बाहरी के अनुसार वैदिक स्वरों की संख्या है–
   (A) 14
   (B) 15
   (C) 12
   (D) 10
13. जिह्वा > जिब्भा > जीभ किस भाषा का विकास रूप है–
   (A) पालि
   (B) प्राकृत
   (C) संस्कृत
   (D) हिंदी
14. वाक्यपदीयम किसकी रचना है–
   (A) भर्तृहरि
   (B) व्याडि
   (C) पतंजलि
   (D) इनमें से कोई नहीं

P.T.O.

15. महाभाष्य किसकी रचना है–
   (A) भर्तृहरि
   (B) व्याडि
   (C) पतंजलि
   (D) इनमें से कोई नहीं

16. प्राकृत लक्षण किसकी कृति है–
   (A) गुहसेन
   (B) चण्ड
   (C) व्याडि
   (D) हेमचंद्र

17. ''अपभ्रंश नाम पहले पहल बलभी के राजा धारसेन द्वितीय के शिलालेख में मिलता है, जिसमें उसने अपने पिता गुहसेन वि०सं० 650 से पहले को संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश तीनों का कवि कहा है।'' यह कथन किस आलोचक का है–
   (A) आचार्य रामचंद्र शुक्ल
   (B) गणपतिचंद्र गुप्त
   (C) हजारीप्रसाद द्विवेदी
   (D) हरप्रसाद शास्त्री

18. पउम चरिउ किसकी रचना है–
   (A) पुष्पदंत
   (B) स्वयंभू
   (C) हेमचंद्र
   (D) इनमें से कोई नहीं

19. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है–
   (A) आग
   (B) बयार
   (C) पंख
   (D) अक्षर

20. निम्नलिखित में से कौन आर्यभाषाओं में शामिल नहीं है?
   (A) संस्कृत
   (B) अंग्रेजी
   (C) अरबी
   (D) फारसी

21. निम्नलिखित में से आर्यभाषाओं में शामिल नहीं है–
   (A) यूनानी
   (B) लैटिन
   (C) प्राकृत
   (D) तुर्की

22. निम्नलिखित में तत्सम शब्द नहीं है–

(A) आज्ञा

(B) राय

(C) सर्व

(D) स्वामी

23. भाषा के रूप में अवधी का प्रथम प्रयोग किस रचना में मिलता है–

(A) खालिक बारी

(B) उक्तिव्यक्तिप्रकरण

(C) चन्दायन

(D) मृगवती

24. प्रथम राजभाषा आयोग की स्थापना कब की गई–

(A) 7 जून, 1951

(B) 8 जून, 1953

(C) 9 जून, 1954

(D) 7 जून, 1955

25. बघेली बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है–

(A) शौरसेनी

(B) मागधी

(C) अर्धमागधी

(D) ब्राचड

26. कुमाऊनी किस अपभ्रंश से विकसित हुई है–

(A) शौरसेनी

(B) मागधी

(C) अर्धमागधी

(D) बिहारी

27. गढ़वाली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है–

(A) शौरसेनी

(B) मागधी

(C) अर्ध मागधी

(D) बिहारी

28. स्पर्श–संघर्षी व्यंजन ध्वनि कौन–सी है–

(A) स

(B) य

(C) न

(D) झ

P.T.O.

29. 'स्वर' ध्वनि के संबंध में निम्नलिखित तथ्यों पर विचार कीजिए–
   1. स्वरों का स्वतंत्र उच्चारण नहीं किया जा सकता।
   2. उच्चारण की दृष्टि से मूल स्वर दस हैं।
   3. स्वर ध्वनि के उच्चारण में हवा अबाध गति से मुख–विवर से निकलती है।
   4. सभी स्वर आक्षरिक नहीं होते हैं।
   5. मात्रा के आधार पर स्वर दो प्रकार के होते हैं।
   (A) केवल 2, 3, 4
   (B) केवल 2, 3, 5
   (C) केवल 1, 2, 3
   (D) केवल 1, 3, 5

30. क्रिया के संबंध में निम्नलिखित तथ्य हैं–
   1. जिस क्रिया का फल कर्म पर नहीं, कर्त्ता पर पड़ता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
   2. जो क्रियाएँ वाक्य के अंत में रहकर वाक्य को समाप्त करती हैं, वे समापिका क्रियाएँ कहलाती हैं।
   3. जिस शब्द के प्रयोग द्वारा किसी वस्तु के विषय में विधान किया जाता है, उसे क्रिया कहते हैं।
   4. अकर्मक क्रिया में किसी कर्म का होना अनिवार्य है।
   5. क्रिया के मूल अंश को धातु कहते हैं।
   (A) केवल 1, 3, 5
   (B) केवल 2, 4, 5
   (C) केवल 2, 3, 5
   (D) केवल 1, 2, 4

31. सूची एक का सूची दो से मिलन कीजिए–

| | सूची एक | सूची दो |
|---|---|---|
| A | तत्पुरुष समास | 1. लव–कुश |
| B | द्वंद्व समास | 2 यथामति |
| C | अव्ययीभाव समास | 3 शिवालय |
| D | बहुव्रीहि समास | 4 चक्रपाणि |

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

32. हिंदी में अनुनासिक व्यंजन की संख्या कितनी है–
   (A) तीन
   (B) चार
   (C) पाँच
   (D) छह

33. देवनागरी लिपि के मानकीकरण के प्रयासों को पहले से बाद के क्रम में लगाएँ–
   1. डॉ० राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित परिषद्
   2. महादेव गोविन्द रानाडे के सुझाव
   3. काका कालेलकर की अध्यक्षता में गठित सुधार समिति
   4. महाराष्ट्र साहित्य परिषद् पुणे द्वारा गठित सुधार समिति
   5. आचार्य नरेन्द्रदेव की अध्यक्षता में गठित परिषद्
   (A) 2, 3, 4, 5 .1
   (B) 2, 4, 3, 5, 1
   (C) 2, 5, 3, 4, 1
   (D) 4, 2, 5, 3 ,1

34. देवनागरी लिपि का विकास–क्रम क्या है?
   (A) कुटिल लिपि – ब्राह्मी लिपि – गुप्त लिपि – देवनागरी
   (B) ब्राह्मी लिपि – गुप्त लिपि – कुटिल लिपि – देवनागरी
   (C) ब्राही लिपि – कुटिल लिपि – गुप्त लिपि – देवनागरी
   (D) गुप्त लिपि – ब्राही लिपि – कुटिल लिपि – देवनागरी

35. गोविंद वल्लभ पंत की अध्यक्षता में संयुक्त संसदीय राजभाषा समिति का गठन कब किया गया?
   (A) 1951
   (B) 1953
   (C) 1955
   (D) 1957

36. देवनागरी लिपि के संबंध में निम्नलिखित तथ्य मिलते हैं–
   1. नागलिपि से नागरी लिपि का नामकरण नहीं हुआ है।
   2. देवनागरी की वर्णमाला का वर्णक्रम वैज्ञानिक है।
   3. नगरों में प्रचलित होने से देवनागरी नाम पड़ा।
   4. गुजरात के नागर ब्राह्मणों के नाम पर नागरी नाम पड़ा।
   5. देवनागरी लिपि आक्षरिक नहीं है।

   नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–
   (A) केवल 1, 2, 4
   (B) केवल 2, 4, 5
   (C) केवल 2, 3, 4
   (D) केवल 1, 3, 4

37. अवधी और ब्रज में निम्नलिखित वैषम्य मिलता है–
   1. अवधी का संबंध पूर्वी हिन्दी से है, जबकि ब्रज का संबंध पश्चिमी हिंदी से है।
   2. अवधी में ऐ, औ स्वर का उच्चारण अइ, अउ के रूप में होता है, किंतु ब्रज में ये स्वर अए, अओ के रूप में उच्चरित होते हैं।
   3. ध्वनि के स्तर पर अवधी आकारांत है जबकि ब्रज उकारांत है।

P.T.O.

4. अवधी में क्षतिपूरक दीर्घीकरण की प्रवृत्ति अधिक है, ब्रज में कम है।

5. अवधी में पुल्लिंग संज्ञा पदों में वा परसर्ग जुड़ने की प्रवृत्ति मिलती है जबकि ब्रज में प्रायः ऐसा नहीं होता है।

(A) केवल 1, 2, 4

(B) केवल 1, 2, 3

(C) केवल 1, 4, 5

(D) केवल 1, 2, 5

38. सूची एक को सूची दो से सुमेलित कीजिए–

| | सूची एक (उच्चारण–स्थान के आधार पर नाम) | सूची दो (व्यंजन ध्वनियाँ) |
|---|---|---|
| A | तालव्य | 1. ट, ठ, ड, ढ |
| B | मूर्धन्य | 2. क, ख, ग, घ |
| C | कंठ्य | 3. च, छ, ज, झ |
| D | वत्सर्य | 4. ल, स, न्ह, न |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

39. नीचे दो कथन दिए गए है–

कथन एक : जिस भाषा के माध्यम से राष्ट्र की अधिकांश जनता विचार–विनिमय करती है, वही राष्ट्रभाषा होती है।

कथन दो. किसी राष्ट्र में सभी प्रचलित भाषाएँ राष्ट्रभाषाएँ होती हैं, किंतु जो भाषा सम्पूर्ण देश की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक परंपराओं को धारण करने में सक्षम होती है, वह भाषा राष्ट्रभाषा के पद पर प्रतिष्ठित होती है।

उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–

(A) कथन एक और दो दोनों सत्य हैं।

(B) कथन एक और दो दोनों असत्य हैं।

(C) कथन एक सत्य है, किंतु कथन दो असत्य है।

(D) कथन एक असत्य है, किंतु कथन दो सत्य है।

40. संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी की संघ की राजभाषा घोषित किया गया है?

(A) अनुच्छेद 347

(B) अनुच्छेद 348

(C) अनुच्छेद 343

(D) अनुच्छेद 345

41. भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख है?

(A) 343–351 तक

(B) 434–315 तक

(C) 443–135 तक

(D) 334–153 तक

42. निम्नलिखित में कौन–सा पश्च स्वर है?
 (A) आ
 (B) इ
 (C) ई
 (D) अ

43. हिंदी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन–सा है?
 (A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी
 (B) प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, पालि
 (C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिंदी
 (D) हिंदी, पालि, अपभ्रंश, प्राकृत

44. मुंडा भाषा–परिवार का क्षेत्र कौन–सा है?
 (A) राजस्थान
 (B) मध्य प्रदेश
 (C) तमिलनाडु
 (D) छोटा नागपुर

45. कुमाऊनी का क्षेत्र है–
 (A) हल्द्वानी
 (B) देहरादून
 (C) रुड़की
 (D) हरिद्वार

46. गढ़वाली का क्षेत्र है–
 (A) पिथौरागढ़
 (B) लोहाघाट
 (C) चम्पावत
 (D) पौड़ी

47. ख़सपर्ज़िया किस बोली अथवा भाषा की उपबोली है–
 (A) भोजपुरी
 (B) कुमाऊनी
 (C) राजस्थानी
 (D) बघेली

48. दनपुरिया कहाँ बोली जाती है–
 (A) लोहापाट
 (B) हल्द्वानी
 (C) पिथौरागढ़
 (D) बागेश्वर

P.T.O.

49. जौनसारी किस राज्य में बोली जाने वाली भाषा है–
(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) उत्तराखण्ड
(D) झारखंड

50. भोजपुरी और मैथिली किस राज्य में बोली जाती है।
(A) बिहार
(B) उत्तराखण्ड
(C) राजस्थान
(D) मध्य प्रदेश

51. राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सबसे आधुनिक संस्करण किस वर्ष लाया गया–
(A) 2020
(B) 2021
(C) 1992
(D) 2025

52. भारतीय भाषाओं को भारतीय संविधान की किस अनुसूची में शामिल किया गया है?
(A) अष्टम
(B) सप्तम
(C) नवम
(D) दशम

53. ग्रिम नियम किस भाषा की ध्वनियों से संबंधित है?
(A) जर्मन
(B) फ्रेंच
(C) रूसी
(D) हिंदी

54. नागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?
(A) खरोष्ठी
(B) ब्राह्मी
(C) नागरलिपि
(D) हिब्रू

55. निम्नलिखित में कौन सी बोली उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती है–
(A) अवधी
(B) खड़ी बोली
(C) मैथिली
(D) ब्रज

56. पुरानी हिंदी का नामकरण किसने किया–
(A) हजारीप्रसाद द्विवेदी
(B) रामचन्द्र शुक्ल
(C) इंशा अल्ला खाँ
(D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

57. हिंदी को राजभाषा के रूप में मान्यता कब मिली?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 14 सितंबर, 1949
(C) 15 अगस्त, 1947
(D) 14 सितंबर, 1955

58. पाणिनि ने किस ग्रंथ के द्वारा भाषा को एकरूपता देने का प्रयास किया?
(A) महाभाष्य
(B) अष्टाध्यायी
(C) योगवशिष्ठ
(D) बृहस्पति नीति सार

59. शब्द रचना में किसका योगदान नहीं होता है–
(A) प्रत्यय
(B) पद
(C) धातु
(D) उपसर्ग

60. निम्नलिखित में से किस शब्द के रूप में साधक प्रत्यय है?
(A) बचपन
(B) लड़के
(C) मातृत्व
(D) एकता

61. हिंदी भाषा का संबंध किससे है?
(A) शौरसेनी अपभ्रंश
(B) ब्राचड
(C) पश्चिमी प्राकृत
(D) इनमें से कोई नहीं

62. भरतमुनि ने अपभ्रंश को क्या कहा है?
(A) लोकभाषा
(B) जनभाषा
(C) देशभाषा
(D) अशुद्ध भाषा

63. ग्रिम नियम का संबंध किससे है?
(A) स्वनिम विज्ञान
(B) बोली विज्ञान
(C) अर्थ विज्ञान
(D) कोश विज्ञान

P.T.O.

64. हिंदी भाषा और कंप्यूटर से जुड़ी संस्था नहीं है।
   (A) C-DAC
   (B) D.C.M.
   (C) C.M.C
   (D) इनमें से कोई नहीं

65. कंप्यूटर पर हिंदी टाइपिंग की विधियाँ इनमें से कौन है–
   (A) रेमिंग्टन टाइपिंग
   (B) इंस्क्रिप्ट टाइपिंग
   (C) फ़ोनेटिक टाइपिंग
   (D) इनमें से कोई नहीं

66. देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम उपयोग कहाँ मिलता है–
   (A) गुजरात
   (B) उत्तर प्रदेश
   (C) उत्तराखण्ड
   (D) बिहार

67. नागरी लिपि सुधार समिति के संयोजक कौन थे?
   (A) काका कालेलकर
   (B) महात्मा गांधी
   (C) जवाहर लाल नेहरू
   (D) नरेंद्र मोदी

68. हिंदुस्तानी भाषा का रूप क्या है?
   (A) संस्कृतनिष्ठ
   (B) हिंदी उर्दू मिश्रित
   (C) दक्खिनी हिंदी
   (D) ब्रज अवधी का मिश्रित रूप

69. निम्नलिखित में अर्द्ध–स्वर कौन–सा है?
   (A) य
   (B) प
   (C) क्ष
   (D) ज्ञ

70. बोली का लघुत्तम रूप है–
   (A) व्यक्ति बोली
   (B) उपबोली
   (C) सहायक बोली
   (D) वर्ण

71. निम्नलिखित में कौन द्रविण परिवार की भाषा है?
   (A) उड़िया
   (B) बांग्ला
   (C) असमिया
   (D) कन्नड़

72. किस क्षेत्र की बोली को काशिका कहा गया है?
   (A) बैसवाड़ा
   (B) आरा–भोजपुर
   (C) बनारस
   (D) मगध

73. साहित्यिक अपभ्रंश को पुरानी हिंदी किसने कहा था?
   (A) रामचन्द्र शुक्ल
   (B) हजारीप्रसाद द्विवेदी
   (C) शिवसिंह सेंगर
   (D) राहुल सांकृत्यायन

74. ब्रजबुलि किस क्षेत्र की बोली है?
   (A) ब्रज
   (B) अवध
   (C) भोजपुर
   (D) असम

75. निम्नलिखित में से कौन भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है?
   (A) मराठी
   (B) गुजराती
   (C) मलयालम
   (D) कुमाऊनी

76. संविधान की आठवीं अनुसूची में कौन–सी भाषा शामिल है?
   (A) कुमाऊनी
   (B) गढ़वाली
   (C) नेपाली
   (D) भोजपुरी

77. बिहारी उपभाषा वर्ग के अंतर्गत कौन–सी बोली नहीं आती है?
   (A) भोजपुरी
   (B) बुंदेली
   (C) मगही
   (D) मैथिली

78. खड़ी बोली के लिए सुनीति कुमार चटर्जी ने किस शब्द का प्रयोग किया है?
   (A) जनपदीय हिंदुस्तानी
   (B) वर्नाक्यूलर हिन्दुस्तानी
   (C) कौरवी
   (D) रेख्ता

P.T.O.

79. हिंदी वर्णमाला में अं और अः क्या है?
(A) स्वर
(B) व्यंजन
(C) अयोगवाह
(D) संयुक्ताक्षर

80. अपभ्रंश की उत्तरकालीन अवस्था का नाम है–
(A) पालि
(B) प्राकृत
(C) संस्कृत
(D) अवहट्ट

81. बुक्सा, रं, रवाँल्टी, थारू, जौनसारी किस प्रदेश की बोली अथवा भाषा है?
(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश
(C) उत्तराखण्ड
(D) हिमाचल प्रदेश

82. इनमें से किस शब्द में उपसर्ग नहीं है?
(A) अपमान
(B) अपराध
(C) अपयश
(D) अपमति

83. भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है–
(A) केल्टिक
(B) इतालिक
(C) जर्मनिक
(D) सियोयन

84. दोहा या दूहा किस भाषा का लोकप्रिय छन्द रहा है?
(A) पालि
(B) प्राकृत
(C) अपभ्रंश
(D) अवधी

85. पश्चिमी हिंदी की दो बोलियों का सही युग्म है–
(A) कन्नौजी–अवधी
(B) ब्रज–बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी–बांगरू
(D) खड़ी बोली–बुंदेली

86. इनमें से कौन–सी बोली आकर बहुला है?
(A) खड़ी–बोली
(B) ब्रज
(C) बुंदेली
(D) कन्नौजी

87. कंठोष्ठ्य ध्वनि का उदाहरण है–
(A) औ
(B) ए
(C) क
(D) त

88. प्रयत्न के आधार पर ल किस प्रकार की ध्वनि है?
(A) पार्श्विक
(B) उत्क्षिप्त
(C) प्रकम्पित
(D) संघर्षहीन

89. इनमें से कौन–सा युग्म अघोष ध्वनि है?
(A) ग, घ
(B) ड़, ढ
(C) प, फ
(D) द, ध

90. बाह्य प्रयत्नों के अनुसार वर्णों के भेद हैं–
(A) तीन
(B) चार
(C) दो
(D) पाँच

91. हिन्दी पर सामासिक संस्कृति के वाहन का दायित्व संविधान के किस अनुच्छेद में निर्धारित है?
(A) अनुच्छेद 343
(B) अनुच्छेद 348
(C) अनुच्छेद 349
(D) अनुच्छेद 351

92. राजस्थानी हिंदी नहीं है–
(A) मेवाती
(B) कौरवी
(C) मारवाड़ी
(D) मेवाड़ी

93. 'तौलिया' मूलतः किस भाषा का शब्द है?
(A) उर्दू
(B) हिंदी
(C) पुर्तगाली
(D) तुर्की

94. 'तारीख' निम्नलिखित में से किस भाषा का मूल शब्द है?
(A) पुर्तगाली
(B) अरबी
(C) तुर्की
(D) हिंदी

P.T.O.

95. निम्नलिखित में कौन–सा शब्द यौगिक है, रूढ़ नहीं?
(A) जलद
(B) नाक
(C) कान
(D) पर

96. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द फारसी का है?
(A) दाग
(B) औरत
(C) नीलम
(D) फीस

97. निम्नलिखित में कौन–सा शब्द रूढ़ है, यौगिक नहीं?
(A) पीला
(B) झटपट
(C) घुड़साल
(D) पंकज

98. निम्नलिखित में से कौन–सा तद्भव शब्द नहीं है–
(A) राय
(B) खेत
(C) दाहिना
(D) कवि

99. निम्नलिखित में से कौन–सा तत्सम शब्द नहीं है?
(A) अग्नि
(B) भ्राता
(C) आज्ञा
(D) किसान

100. संविधान के अनुच्छेद 343 में संघ की राजभाषा के बारे में निम्नलिखित में से कौन–से प्रावधान किए गए हैं?
1. संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।
2. शासकीय प्रयोजनों के लिए भारतीय अंकों का अंतर्राष्ट्रीय रूप मान्य होगा।
3. राजभाषा के बारे में राष्ट्रपति एक आयोग का गठन करेंगे।
4. उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय की सम्पूर्ण कार्यवाही अंग्रेजी भाषा में ही होगी।

नीचे दिये गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए
(A) केवल 1 और 3
(B) केवल 1 और 2
(C) केवल 2, 3 और 4
(D) केवल 1, 2 और 3

× × × × × × × × ×